तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 3 अगस्त 2025



10 जिले में पीएम किसान दिवस पर 1 लाख से अधिक ...





12 विकास से कोसों दूर मलेवा क्षेत्र के गांव, न...











# पुलिस की सख्ती, हेलमेट नहीं पहनने पर आरक्षक का भी काटा चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ट्रैफिक नियमों का पालन अब गरियाबंद जिले में सभी के लिए अनिवार्य हो गया है, यहां तक कि पुलिसकर्मियों के लिए भी। हाल ही में एक ऐसी घटना सामने आई है, जहां पुलिस ने हेलमेट न पहनने पर अपने ही आरक्षक का चालान काटकर एक मिसाल पेश की है। यह मामला मैनपुर विकासखंड के अमलीपदर थाना का है, जहां आरक्षक जैलसिंह नागेश कोर्ट के काम से लौट रहे थे। चेकिंग पॉइंट पर बिना हेलमेट के बाइक चलाते हुए उन्हें ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने रोका। बिना किसी रियायत के पुलिस ने तुरंत आरक्षक का 1000 का चालान काट दिया। पुलिस की इस कार्रवाई ने लोगों के बीच ट्रैफिक नियमों के प्रति एक सकारात्मक संदेश दिया है। सोशल मीडिया पर लोग पुलिस की इस निष्पक्षता और सख्ती की जमकर तारीफ कर रहे हैं। इस घटना ने यह भी साबित कर दिया है कि कानून सबके लिए बराबर है।

## पुलिसकर्मी ने 1 हजार रुपए का भरा जुर्माना



### हेलमेट पहनना बेहद जरूरी

हाल ही में जिले में सड़क हादसों में हुई बढ़ोतरी को देखते हुए पुलिस अधीक्षक निखिल कुमार राखेचा ने हेलमेट नियम का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए थे। एसडीओपी पुलिस मैनपुर, विकास पाटले ने इस बारे में कहा कि हेलमेट पहनना बेहद जरूरी है और यह नियम सभी पर लागू होता है, चाहे वह पुलिसकर्मी हो या आम नागरिक। उन्होंने जोर देकर कहा कि हेलमेट चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि खुद की जान बचाने के लिए पहनना चाहिए। यह घटना आम लोगों को भी ट्रैफिक नियमों का पालन करने की सीख देती है।



## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने विधायक साहू ने किया सम्मान



**अभनपुर**। नवा रायपुर मुख्यमंत्री निवास मे भारतीय जनता पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान के तहत विधायक इन्द्रकुमार साहू को 10 हजार से अधिक सदस्य बनाये जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा सम्मानित किया गया। इस संबंध मे विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मे कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते है जिन लोगो ने इस अभियान मे बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया है ऐसे कार्यकर्ताओ को सीएम द्वारा सम्मानित किया गया है।

### मैनपुर में महाप्रसादी खिचड़ी वितरण आज

**मैनपुर**। तहसील मुख्यालय मैनपुर में 3 अगस्त को श्रावण महोत्सव महाप्रसादी का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम केदारेश्वर महादेव मंदिर समिति, शिवसेवा वाहिनी और समस्त ग्रामवासियों द्वारा मिलकर आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर दोपहर 12 बजे से महादेव मंदिर प्रांगण, बस स्टैंड में मानस मंडली द्वारा मानस गान के साथ खिचड़ी का वितरण किया जाएगा।

### मैनपुर के ग्रामीण के घर में रखे फ्रिज में मिला नागराज

**मैनपुर**। जिले के ग्राम कैटपदर में एक अनोखी घटना सामने आई है, जहां एक ग्रामीण के घर में काफी समय से बंद पड़े फ्रिज में एक नागराज ने अपना घर बना लिया था। जब घर के सदस्यों ने लंबे समय बाद फ्रिज खोला, तो सामने सांप को देखकर उनके होश उड़ गए। यह घटना सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है।

### महुआभाठा मार्ग की हालत खराब, राहगीर फिसल रहे

**मैनपुर**। मैनपुर से मैनपुरकला को जोड़ने वाले महुआभाठा मार्ग की हालत बेहद खराब हो गई है। बारिश से पहले डाली गई मुरम के कारण सड़क पूरी तरह से कीचड़ से भर गई है। इस रास्ते पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है, क्योंकि राहगीर फिसलकर गिर रहे हैं। ग्रामीण लंबे समय से इस मार्ग पर सीसी रोड बनाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

### पक्तियां में उप स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण समारोह आज

**छुरा**। ग्राम पक्तियां में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केन्द्र) का लोकार्पण समारोह 3 अगस्त, रविवार, दोपहर 3 बजे रखा गया है।मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक, राजिम विधानसभा क्षेत्र, अध्यक्षता मीरा वेषनारायण ठाकुर अध्यक्ष, जनपद पंचायत छुरा, विशेष अतिथि शिवांगी चतुर्वेदी, विशिष्ट अतिथि- अवध राम साहू, हेमन्त सिन्हा, चन्द्रशेखर साहू, डॉ. कीर्तन साहू, बृजमोहन तारक, संदीप पाण्डेय, सालिक राम सेन, कंवल सिंह ध्रुव, महेन्द्र कुमार साहू, उद्देराम साहू शिवनाथ ध्रुव, बालमुकुंद चन्द्राकर, कन्हैया लाल ध्रुव, मदन सिंह ध्रुव, ईश्वर साहू, रमेश चन्द्राकर, धनीराम साहू, मोहन विश्वकर्मा, मुनेश्वर पटेल, नाथू राम ध्रुव, हीरालाल पटेल, भीखम साहू, मिलन ध्रुव, गणेश राम ध्रुव, रामनारायण साहू, यादराम पटेल, लेखराम साहू, तिरथ राम ध्रुव, लीला राम, रामू लाल साहू, सोहन विश्वकर्मा, जागेश्वर यादव, लता भूपेन्द्र ध्रुव जी (सरपंच) समस्त पंच गण ग्राम पंचायत पक्तियां एवं समस्त ग्रामवासी पंक्तियां हैं।

## विडंबना : विकास की दौड़ में पिछड़ा जिले का चिपरी और छिन्दभर्री गांव

# चिपरी व छिन्दभर्री पहुंचने के लिए नहीं है पक्की सड़क, लालटेन की रौशनी में जीवन यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ को 'सरप्लस बिजली' वाला राज्य बने 25 साल हो चुके हैं, लेकिन गरियाबंद जिले के मैनपुर तहसील से 38 किलोमीटर दूर स्थित चिपरी और छिन्दभर्री गांवों के लोग आज भी लालटेन की रोशनी में जीने को मजबूर हैं। यह स्थिति बताती है कि विकास के दावे केवल कागजों तक ही सीमित हैं, जबकि जमीनी स्तर पर ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

इन दोनों गांवों तक पहुंचने के लिए आज भी पक्की सड़क नहीं है। बारिश के मौसम में पूरा रास्ता दलदल और कीचड़ से भर जाता है, और बीच में एक नदी पार करनी पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार सड़क निर्माण की मांग की है, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चार बार सर्वे हो चुका है, लेकिन सड़क पर मुरम तक नहीं डाली गई है।



### प्रमुख समस्याएं

**बिजली**: गांव में सौर ऊर्जा प्लेटें लगाई गई थीं, लेकिन वे पिछले 6 महीनों से खराब पड़ी हैं। ग्रामीण रात में लालटेन जलाने को मजबूर हैं। शिकायत करने के बावजूद अभी तक कोई सुधार के लिए नहीं पहुंचा है।

**शिक्षा**: 1997 में बना स्कूल भवन जर्जर हालत में है, जिसमें 25 छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं।

**स्वास्थ्य**: गंभीर बीमारी की स्थिति में मरीजों को खाट पर लिटाकर या कांवर में बिठाकर 3 किलोमीटर दूर गौरगांव सड़क तक ले जाना पड़ता है।

**राशन और पानी**: ग्रामीणों को पीने का पानी, राशन और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ भी ठीक से नहीं मिल पा रहा है।

### कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा

*ग्रामीण धनराज मरकाम, प्रभु नेताम और अन्य लोगों ने बताया कि आज तक कोई भी बड़ा अधिकारी, सांसद या विधायक उनके गांव नहीं पहुंचा है। आधुनिक सुख-सुविधाओं से कोसों दूर इन गांवों के लोगों को आज भी किसी ऐसे 'मसीहा' का इंतजार है जो उनके गांव तक विकास की किरण पहुंचा सके।*





# बाउंड्रीवॉल गिरने से डेढ़ साल के मासूम की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के देवभोग विकासखंड के बरबाहली गांव में एक बेहद दुखद हादसा हुआ है, जिसमें घर के सामने खेल रहे डेढ़ साल के एक मासूम बच्चे की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को यह दर्दनाक घटना हुई, जब पोषण मांझी नामक बच्चा अपने आंगन के पास खेल रहा था। अचानक, घर के बाहर बनी चार फीट ऊंची कच्ची बाउंड्रीवॉल उसके ऊपर गिर गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पोषण मांझी अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। इस हादसे के बाद से परिवार गहरे सदमे में है और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। इस घटना ने एक बार फिर गांवों में जर्जर और घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल से बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है।

# ग्राम कुर्रा में गोस्वामी तुलसीदास जयंती आज

नवापारा-राजिम। कुर्रा में आज रविवार को गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज की जयंती का आयोजन श्री बालाजी मानस शक्ति केंद्र पिपरोद, तारिणी महिला मानस परिवार कुर्रा, हरेरामा मानस मंडली कुर्रा, जय बजरंग मानस मंडली कुर्रा एवं समस्त ग्राम वासी के द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इंद्रकुमार साहू विधायक अभनपुर,विशिष्ट अतिथि धनेन्द्र साहू पूर्व विधायक अभनपुर कार्यक्रम की अध्यक्षता पुष्पा-डमेश साहू सरपंच ग्राम पंचायत कुर्रा, विशेष अतिथि चंद्रकला ध्रुव सभापति जिला पंचायत अभनपुर,कुंती-लखन साहू जनपद सदस्य अभनपुर, डॉक्टर पुनीत गोस्वामी संचालक आयुष्मान हॉस्पिटल कुर्रा, डॉक्टर सौरभ भंडगे संचालक मैहर हॉस्पिटल कुर्रा, एनआर साहू अध्यक्ष मां कौशल्या जिला मानस संघ रायपुर, आरआर साहू संरक्षक मां कौशल्या जिला मानस संघ रायपुर, एसएल साहू अध्यक्ष श्री बालाजी शक्ति केंद्र पिपरौद, नुकेश गिलहारे उप सरपंच ग्राम पंचायत कुर्रा, दीपक रावलानी नटराज मोबाइल नवापारा एवं समस्त पंच होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ आज रविवार को सुबह 9 बजे दीप प्रज्वलित करके मानस गान प्रारंभ होंगे। इस समारोह में जय बजरंग मानस मंडली कुर्रा,श्री पवन पुत्र महिला मानस मंडली नवापारा, नव ज्योति मानस परिवार तर्री, जय बूढ़ादेव महिला मानस मंडली थानौद,राधेश्याम सीताराम मानस मंडली ठेल्का बांध, श्री शिव मानस मंडली उमरपोटी, जय मां सरस्वती महिला मानस मंडली कोकड़ी एवं हरे राम मानस मंडली कुर्रा की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की सफल आयोजन के लिए श्री बालाजी शक्ति केंद्र पिपरौद के समस्त सदस्य एवं समस्त ग्रामवासी कुर्रा उपस्थित रहेंगे।

# जिले में अवैध रेत खनन पर कार्रवाई एक जेसीबी और सात हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

क्षेत्र में अवैध रेत खनन को रोकने के लिए पुलिस और खनिज विभाग ने शनिवार देर रात एक बड़ी संयुक्त कार्रवाई की। बिडोरा, फिंगेश्वर और सुखनदी के इलाकों में रात 1 से 2 बजे के बीच दबिश देकर अवैध रेत का उत्खनन और परिवहन कर रहे 1 जेसीबी मशीन और 7 हाइवा वाहनों को जब्त किया गया है। यह कार्रवाई फिंगेश्वर, राजिम और पांडुका थाना क्षेत्रों की टीमों ने खनिज विभाग के साथ मिलकर की। जब्त किए गए सभी वाहनों को संबंधित थानों में रखा गया है और मामले की आगे की जांच जारी है।

### अवैध खनन पर लगाम

*स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इन क्षेत्रों में रेत माफिया लंबे समय से रात के अंधेरे का फायदा उठाकर भारी मात्रा में रेत की चोरी कर रहे थे। इस सख्त कार्रवाई से रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि अवैध खनन को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे। इस कार्रवाई से यह संदेश गया है कि खनिज संपदा की लूट अब नहीं चलेगी और कानून का सख्ती से पालन करवाया जाएगा।*



# आमामोरा वाटरफॉल में गिरी युवती का शव रेस्क्यू के बाद बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 35 किमी दूर ग्राम आमामोरा से लगे विशाल जलप्रपात कारीपगार में गुरूवार शाम एक युवती की गिरने की खबर मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई इसकी जानकारी मैनपुर थाना में दिया गया। शुक्रवार सुबह थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा के नेतृत्व में पुलिस के जवान कारीपगार जलप्रतात पहुंचे और बहुत मुश्किल से युवती के शव को निकाला गया युवती का नाम ललिता बाई उम्र 19 वर्ष बताई जा रही है। ग्राम आमामोरा निवासी ललिता कारीपगार गांव के नजदीक होने के कारण घुमने गई थी और पैर फिसल कर गिर जाने से मौत होने की जानकारी मिली हैं। पुलिस द्वारा शव को वाटरफाल से निकालकर शववाहन के माध्यम से मैनपुर लाकर पोस्टमार्डम कर परिजनो को सौप दिया गया हालंकि पुलिस द्वारा मामले की जॉच किया जा रहा है कि युवती जलप्रपात में कैसे गिरी और वहां तक कैसे पहुंची। ज्ञात हो कि क्षेत्र के सभी जनप्रपातों में सुरक्षा की दृष्टि से पर्यटकों के आने-जाने पर रोक लगा दी गई है।



### जांच जारी

*मैनपुर थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा ने बताया युवती के वाटरफाल में गिरने की जानकारी मिलते ही मैनपुर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को निकालकर पोस्टमार्डम करवाकर परिजनो को सौप दिया गया है पुलिस द्वारा मामले की जॉच किया जा रहा है।*

## विभिन्न खेलों का हुआ आयोजन

# आदर्श सरस्वती महिला मंडल छुरा में धूमधाम से मनाया सावन उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आदर्श सरस्वती महिला मंडल छुरा द्वारा इस वर्ष भी सावन उत्सव का कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लूकेश्वरी निषाद मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थीं, जबकि कमला सारस्वत ने अध्यक्षता की और देवसर सिंहा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां भगवती के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर किया। इसके बाद अतिथियों का तिलक लगाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।



### सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं

रश्मि गुप्ता, किरण शर्मा और हेम प्रभा देवांगन ने विभिन्न खेलों का आयोजन किया। शीला त्रिपाठी और अनीता सिन्हा ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि अन्य ने युगल और सामूहिक नृत्य पेश किए। इस गेम में कमला चंद्राकर ने पहला और अनीता सिन्हा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। क्विज राउंड में सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह महिला मंडल 50 वर्षों से अधिक समय से संचालित है, जिसकी नींव महल की राजमाता द्वारा रखी गई थी। कार्यक्रम का सफल संचालन अनीता सिन्हा ने किया। इस दौरान महिला मंडल की अध्यक्ष जयसुधा गुप्ता, उपाध्यक्ष मीरा शर्मा, कोषाध्यक्ष सपना कंसारी, सचिव अनीता सिन्हा सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

# बोड़की में राशन से भरा ट्रक गेट में फंसा, आवागमन बाधित

**छुईहा बेलर**। गरियाबंद जिले के ग्राम बोड़की में एक पीडीएस ट्रक के स्कूल और पंचायत भवन के मुख्य गेट में फंसने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यह घटना शुक्रवार को हुई, जब राशन से भरा ट्रक उचित मूल्य की दुकान के लिए चावल और नमक लेकर जा रहा था। दरअसल, राशन की दुकान उसी परिसर में स्थित है जहां स्कूल और पंचायत कार्यालय भी हैं। लगातार बारिश के कारण गेट के पास की जमीन दलदली हो गई थी, जिसके कारण ट्रक का पिछला पहिया बुरी तरह धँस गया। ड्राइवर और हेल्पर ने बताया कि उन्हें रात भर मदद के लिए इंतजार करना पड़ा, लेकिन किसी ने उनकी सहायता नहीं की और न ही टोचन के लिए रस्सी मिल पाई।

### विद्यार्थियों और शिक्षकों को हुई परेशानी



*ट्रक के गेट में फंसने से स्कूल आने-जाने का रास्ता पूरी तरह बंद हो गया। छात्रों और शिक्षकों को परिसर में प्रवेश करने के लिए दीवार फांदनी पड़ी। बाद में, एक छोटा गेट खोला गया, जिससे महिलाओं और बच्चों को आने-जाने में कुछ राहत मिली। अगले दिन सुबह, दूसरा ट्रक बुलाकर राशन को उसमें भरा गया, और जेसीबी की मदद से फंसे हुए ट्रक को बाहर निकाला जा सका। इस घटना ने गाँव में कुछ समय के लिए अफरातफरी का माहौल बना दिया।*

**खबर संक्षेप**

## उपसरपंचों ने वेतन वृद्धि के लिए विधायक रोहित को सौंपा ज्ञापन



**छुईहा बेलर।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के उपसरपंचों ने अपनी वेतन वृद्धि की मांग को लेकर विधायक रोहित साहू से मुलाकात की। इस दौरान उपसरपंच संघ ने उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। विधायक साहू ने उपसरपंचों को आश्वासन दिया है कि वे इस मामले को विभागीय मंत्री के संज्ञान में लाएंगे। इस मौके पर उपसरपंच संघ के अध्यक्ष महेश साहू, उपाध्यक्ष नीतू बंजारे, संरक्षक ज्ञानेश शर्मा और अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## नवापारा भाजपा मंडल के नए पदाधिकारियों की घोषणा



**नवापारा-राजिम।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशानुसार भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय के मार्गदर्शन में एवं संभाग प्रभारी सौरभ सिंह के सहमति से भाजपा जिला रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष श्यामकुमार नारंग की अनुशंसा से नवापारा मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा ने मंडल पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए नवापारा भाजपा मंडल के महामंत्री पद पर पूर्व पार्षद सौरभ सिंटू जैन नवापारा, एवं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष चेतन साहू दादरझोरी की नियुक्ति हुई है। मंडल उपाध्यक्ष मनीष देवांगन, धीरज साहू ,गुलशन साहू, तनु मिश्रा, मण्डल मंत्री हेमन्त साहू, पदमनी सोनी, हर्षा कंसारी, कैलाश तिवारी, कोषाध्यक्ष मनीष चौधरि, सह कोषाध्यक्ष आशीष गोलछा, मीडिया प्रभारी कुणाल मिश्रा, रामखिलावन साहू, प्रचार प्रसार मंत्री भोले सोनकर, देवेंद्र सेन, सोशल मीडिया प्रेम साधवानी, लुमेश चक्रधारी, कार्यालय प्रभारी पारसमणी,डिलन कावले की नियुक्ति हुआ इस अवसर पर अंचल के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विधायक इंद्रकुमार साहू सहित भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

## कोपरा में कांग्रेस की बैठक आपसी कलह के कारण मंडल-सेक्टर का पुनर्गठन अधूरा

**कोपरा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर संगठनात्मक मजबूती के उद्देश्य से कोपरा के श्रीराम जानकी मंदिर में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में आपसी गुटबाजी खुलकर सामने आ गई। इस बैठक का मुख्य मकसद मंडल और सेक्टर समितियों का पुनर्गठन करना था, लेकिन दावेदारों के बीच सहमति न बनने के कारण यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। बैठक में प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त चुनाव प्रभारी डीके ठाकुर, समद खान और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रूपेश साहू मौजूद थे। बैठक शुरू होने के बाद सेक्टर अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष के चयन को लेकर दावेदारों में आपसी मतभेद पैदा हो गए। सहमति न बन पाने के कारण सभी दावेदारों की सूची वरिष्ठ नेताओं और संगठन पदाधिकारियों को सौंपने का निर्णय लिया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच लंबे समय से चली आ रही अंदरूनी कलह भी सामने आ गई, जिसमें एक-दूसरे पर पार्टी को कमजोर करने के आरोप लगाए गए।

**निधन**

## सरस्वती सिन्हा

**छुरा।** स्थानीय निवासी सरस्वती सिन्हा का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वे सरस्वती शिशु मंदिर में दीदी जी सेवा प्रदान कर रही थी वे सेवा निवृत प्रभु लाल सिन्हा की बेटी एवं आरक्षक दिलीप सिन्हा के बहन थी।



### कृषकों को किस्त के रूप में 21 करोड़ 71 लाख रुपए की राशि जारी

# जिले में पीएम किसान दिवस पर 1 लाख से अधिक किसानों को मिली 20वीं किस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त की राशि वाराणसी, उत्तर प्रदेश से जारी किया गया। इस दिवस को पूरे देश में पी. एम. किसान दिवस के रूप में मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत जिले के 1 लाख 233 कृषकों को 20वीं किस्त के रूप में 21 करोड़ 71 लाख रुपए उनके बैंक खातों में हस्तांतरित किया गया। पीएम किसान सम्मान निधि अंतर्गत पुरे देश के 9 करोड़ 70 लाख से अधिक लाभार्थी कृषकों को 20 हजार 500 करोड़ से अधिक की राशि डी.बी.टी. के माध्यम से किसानों के खातों में हस्तांतरित किया गया। जिले के प्रत्येक विकासखंड एवं विभिन्न ग्राम पंचायत स्तर पर भी पी. एम. किसान दिवस का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन उप संचालक कृषि एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के समन्वय से उप संचालक कृषि जिला-गरियाबंद के सभाकक्ष में किया गया। इसमें वाराणसी में हुए वृहद कार्यक्रम के वेब प्रसारण का अवलोकन करने जिले के किसान एवं जनप्रतिनिधिगण ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए। जिसमे क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों को आमंत्रित किया गया था। उक्त कार्यक्रम में श्रीमती लालिमा पारस ठाकुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष गरियाबंद एवं श्री लेखराज ध्रुवा सभापति कृषि स्थायी समिति गरियाबंद द्वारा किसानो को संबोधित किया गया।




### जैविक खेती के बारे में किसानों को दी जानकारी

सहायक संचालक कृषि, नरसिंग ध्रुव द्वारा कार्यक्रम के दौरान किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं पीएम किसान पोर्टल पर उपलब्ध केवायसी के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया, ताकि लाभार्थी कृषक स्वतः ही जांच कर जानकारी प्राप्त कर सकें। उक्त कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र गरियाबंद के वैज्ञानिक डॉ. शालू अब्राहम, प्रवीण जामरे एवं तुषार मिश्रा द्वारा उन्नत कृषि तकनीक, कीट-व्याधि नियंत्रण, रासायनिक कीटनाशकों से होने वाले नुकसान, जैविक खेती के बारे में विस्तारपूर्वक उपस्थित कृषकों को जानकारी दिया गया।

### अन्य फसलों के उत्पादन के लिए किया प्रोत्साहित

कार्यक्रम के दौरान किसानों को संम्बोधित करते हुए सहायक संचालक कृषि श्री ध्रुव के द्वारा धान के स्थान पर दलहन तिलहन मक्का एवं अन्य फसलों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही जैविक खेती अपनाकर मृदा एवं पर्यावरण स्वास्थ्य के प्रबंधन अपनाने के लिए कृषको से अपील किया गया। पीएम किसान दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिले के 2000 से अधिक किसान तथा जिला, विकासखंड एवं ग्रामीण स्तर के अधिकारी कर्मचारी व किसान मित्र उपस्थित रहे।

## जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र ने किया स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-भेण्डरी

75 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेण्डरी का निरीक्षण जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने किया। बताया गया है कि भवन बनकर तैयार है यहां अभी बिजली फिटिंग का कार्य चल रहा है।

नल तथा पानी टंकी का कार्य बचा हुआ है जिसे शीघ्र पूरा करने ठेकेदार को निर्देश दिया। स्वास्थ्य केंद्र तक एप्रोच रोड के लिए उन्होने ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष नीलकंठ सिन्हा से चर्चा किया। कहा कि गांव फंड की राशि से इसे की जाए ताकि मरीजों और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचने में कष्ट न हो। इस दौरान डा प्रदीप साहू ने बताया कि स्टाफ की कमी है। नर्सिंग के चार पद स्वीकृत हैं परंतु यहां एक भी नहीं है। लेब टेक्नीशियन भी नहीं है। मरीजों को ब्लड टेस्ट कराने मगरलोड जाना पड़ता है। निरीक्षण के दौरान सरपंच राजेश्वरी-आनंद पटेल, जनपद सदस्य विनीता-संतशरण साहू, उपसरपंच राधे पटेल, मनोज साहू, टिकेश्वर साहू, लेखराम साहू आदि मौजूद थे।

## भाजपा के सदस्यता अभियान में किशोर सदस्यता श्री से सम्मानित

**नवापारा-राजिम।** भाजपा के संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के दौरान, प्रदेश भर में 60 लाख से अधिक नए सदस्य बनाए गए। इस अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कार्यकर्ताओं को शनिवार को नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में, अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन को 3 हजार से अधिक सदस्य बनाने के लिए सदस्यता श्री सम्मान से नवाजा गया। इस सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, गृह मंत्री विजय शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।



**अभनपुर में दूसरा सबसे बड़ा योगदान-** किशोर देवांगन ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर अभनपुर विधानसभा के गांवों और शहरों में लगातार लोगों से संपर्क किया और उन्हें भाजपा की नीतियों से अवगत कराते हुए पार्टी से जोड़ा। दिलचस्प बात यह है कि अभनपुर विधानसभा में 3 हजार से अधिक सदस्य बनाने वाले केवल दो लोग हैं: पहले क्षेत्रीय विधायक इंद्रकुमार साहू और दूसरे किशोर देवांगन। किशोर देवांगन ने इस सम्मान को अपने और अपने समर्थक कार्यकर्ताओं की मेहनत का फल बताया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें नई ऊर्जा देगा, जिससे वे पार्टी और जनहित के लिए और अधिक मुखर होकर काम करेंगे। उन्होंने भाजपा को घर-घर पहुंचाने को अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी बताया और कहा कि वे पार्टी के एक सच्चे सिपाही बनकर ईमानदारी से काम करते रहेंगे।

## हरिहर शाला में सावन उत्सव पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन



**नवापारा-राजिम।** शनिवार को हरिहर शाला में सावन, कृष्ण जन्माष्टमी एवं स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में नयी शिक्षा नीति के तहत पोस्टर एवं राखी बनाओ, मेहंदी एवं मटका सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें प्राइमरी स्तर पर राखी सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान धरना साहू कक्षा तीसरी, द्वितीय स्थान प्रिया साहू कक्षा चौथी, तृतीय स्थान ईश्वी राजपूत कक्षा चौथी को एवं पूर्व माध्य. स्तर में मटका सजायो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तबस्सुम मांडे कक्षा सातवी, द्वितीय स्थान लिलेश्वरी साहू कक्षा सातवी, तृतीय स्थान सिमरन रजक कक्षा सातवीं को तथा हायर सेकेंडरी में मेंहदी में प्रथम स्थान मुस्कान साहू कक्षा नवमी, द्वितीय स्थान डिम्पल ठाकुर बारहवीं, तृतीय स्थान निशिका देवांगन नवमीं एवं मुक्तांजली साहू नवमीं को प्राप्त हुआ। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम सजल देवांगन नवमी, द्वितीय सत्यम साहू नवमी रहे। पोस्टर मेकिंग में प्रथम साक्षी देवांगन नवमी, द्वितीय कृशिका देवांगन ग्यारहवीं, तृतीय हिमांशी देवांगन नवमी रहे। प्रायमरी में अल्फिया बानो, पूर्व माध्य. में हिमानी दास एवं हाई हायर में आरती दुबे व काजल चौबे ने प्राचार्य एफ.के. दानी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। सभी विजयी विद्यार्थियों को शाला परिवार एवं शाला विकास समिति ने बधाई प्रेषित की है।

## आईएसबीएम में ओरिएंटेशन कार्यक्रम में दिया गया पाठ्यक्रम एवं सुविधाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

जिले के नवापारा, कोसमी स्थित आईएसबीएम विश्वविद्यालय में नए सत्र के शुभारंभ के अवसर पर छात्रों के लिए एक विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नव-प्रवेशित विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, पाठ्यक्रम, अनुशासन और उपलब्ध संसाधनों से परिचित कराना था। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों विज्ञान, कला एवं मानविकी, फार्मेसी, इंजीनियरिंग, वाणिज्य, विधि और लाइब्रेरी साइंस के छात्रों ने हिस्सा लिया। सभी संकायों के प्रमुखों और प्राध्यापकों ने छात्रों को संबोधित किया और उन्हें उनके विषय क्षेत्र की संभावनाओं, अनुसंधान के अवसरों और व्यावसायिक पहलुओं के बारे में जानकारी दी। छात्रों को नए क्रेडिट सिस्टम, आंतरिक मूल्यांकन और अन्य शैक्षणिक नियमों से भी अवगत कराया गया।




### प्रमुख गतिविधियां

**विज्ञान संकाय:** डॉ. पी. विश्वनाथन, डॉ. पूनम वर्मा और अन्य प्राध्यापकों ने छात्रों को विज्ञान की दुनिया से परिचित कराया और उन्हें तर्क, प्रयोग और खोज की बारीकियां समझाईं। छात्रों ने परिसर में विभिन्न पौधों और जीवों की पहचान भी की।

**कला एवं मानविकी संकाय:** विभागाध्यक्ष डॉ. दिवाकर तिवारी और अन्य प्राध्यापकों ने छात्रों को जीवन को देखने, समझने और संवाद करने के महत्व पर जोर दिया। इसके बाद छात्रों ने कहानी, कविता, अभिनय और गीतों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

**फार्मेसी संकाय:** विभागाध्यक्ष युगलकिशोर और उनकी टीम ने छात्रों को स्वास्थ्य सेवाओं और समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी के बारे में बताया।

**इंजीनियरिंग संकाय:** विभागाध्यक्ष टेकेश्वर कौशिक ने छात्रों को नई तकनीकी नवाचारों और रचनात्मक सोच के लिए प्रेरित किया।

**अन्य संकाय:** विधि, वाणिज्य और लाइब्रेरी साइंस संकायों के प्राध्यापकों ने छात्रों को नैतिक मूल्यों, अनुसंधानशील सोच और व्यावहारिक ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। अंत में, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद महलवार और कुलसचिव डॉ. बीपी बोल ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें अकादमिक उत्कृष्टता प्राप्त करने, नई सोच विकसित करने और सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने के लिए प्रेरित किया।

## जिला पुलिस की सख्ती, 5 दिनों में 1.29 लाख रुपए का चालान



गरियाबंद। जिले में यातायात नियमों के सख्त पालन को लेकर गरियाबंद पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देश पर शुरू की गई सख्ती के तहत विगत 5 दिनों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 244 मामलों में कुल 1,29,300 की चालानी कार्रवाई की गई है। इस अभियान के अंतर्गत सबसे खास बात यह रही कि शासकीय कर्मचारियों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 210 (B) के तहत दुगनी राशि का चालान किया गया है। बिना हेलमेट वाहन चलाने पर 4 शासकीय कर्मचारियों से 2500 की चालानी राशि वसूली गई। गरियाबंद पुलिस ने साफ कर दिया है कि यह कार्रवाई केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने की निरंतर प्रक्रिया होगी। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें, सायरन, हूटर या रंगीन लाइटों का प्रयोग न करें और वाहन में किसी प्रकार का अवैध परिवर्तन न करें। नियम तोड़ने पर अगली बार सिर्फ चालान नहीं, बल्कि कड़ी कानूनी कार्रवाई का सामना भी करना पड़ सकता है।

**चालानी आंकड़े (दिनांक 28 जुलाई से 1 अगस्त 2025 तक)**

**कुल प्रकरण:** 244

**मौके पर वसूली गई राशि (197 मामलों में):** 1,02,800

**ऑनलाइन चालान (9 मामलों में):** 24,000

**न्यायालय प्रस्तुत प्रकरण (43 मामलों में):** विभिन्न धाराओं के अंतर्गत

**चालानी कार्रवाई में जिन नियमों का उल्लंघन पाया गया, उनमें शामिल हैं:** बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, दोपहिया में तीन सवारी, मालवाहक वाहनों में यात्री परिवहन, खतरनाक तरीके से वाहन चलाना।

## राजिम में कल होगा बाबा गरीबनाथ महादेव का सहस्त्रजलधाराभिषेक

**राजिम।** सावन के आखिरी सोमवार यानी 4 अगस्त को राजिम में बाबा गरीबनाथ महादेव का सहस्त्र जलधाराभिषेक कार्यक्रम बड़े धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।श्री राजीव लोचन कुलेश्वर नाथ बोलबम कांवरिया संघ के पदाधिकारी, जिनमें घनश्याम साहू और सुनील देवांगन शामिल हैं, तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हैं। पूरे मंदिर क्षेत्र को केसरिया तोरण और पताकों से सजाया गया है। कार्यक्रम के लिए एक आकर्षक स्वागत द्वार भी बनाया गया है। इस कार्यक्रम में विधायक रोहित साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव और अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा।



## छुईहा चौक पर ओवरलोड हाईवा खराब होने से लगा लंबा जाम

**छुईहा बेलर।** छुईहा चौक पर शनिवार को एक ओवरलोड हाईवा खराब हो जाने के कारण कई घंटों तक लंबा जाम लगा रहा। यह चौक घटारानी और जतमई धाम जाने का मुख्य मार्ग है, जिससे यहां हमेशा वाहनों की आवाजाही रहती है। दोपहर 3 बजे, मुरम से भरा एक ओवरलोड हाईवा (क्रमांक CG04 LT7002) बस स्टैंड के पास अचानक खराब हो गया।



ड्राइवर ने गाड़ी को ठीक करने की बहुत कोशिश की, लेकिन वह टस से मस नहीं हुई। इसके कारण फिंगेश्वर, छुरा और राजिम की तरफ जाने वाली तीनों सड़कों पर जाम लग गया। जाम के कारण राहगीरों और आम जनता को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लगभग तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद, जेसीबी की मदद से खराब हाईवा को सड़क के किनारे हटाया गया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। इस दौरान सरपंच गजेश्वर सिन्हा और टिकेंद्र सिन्हा भी मौके पर मौजूद थे और उन्होंने यातायात को सुचारू करने में मदद की।

### रत्न सम्मान से हुए सम्मानित

# भाजपा सदस्यता अभियान में विधायक साहू प्रदेश के टॉप-10 में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम विधायक रोहित साहू को भाजपा के सदस्यता अभियान में शानदार प्रदर्शन के लिए 'रत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया है। उन्होंने राजिम विधानसभा क्षेत्र में 14,611 नए सदस्य बनाकर प्रदेश के टॉप-10 कार्यकर्ताओं में अपनी जगह बनाई है।

यह सम्मान उन्हें शनिवार को नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में आयोजित एक समारोह में दिया गया। दइस समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव और अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। इस ऐतिहासिक अभियान में भाजपा ने छत्तीसगढ़ में 60,87,670 नए सदस्य जोड़कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।




### साहू ने कार्यकर्ताओं को दिया श्रेय

विधायक रोहित साहू ने इस सम्मान को अकेले अपनी उपलब्धि नहीं बताया, बल्कि इसे राजिम विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक कार्यकर्ता की मेहनत और निष्ठा का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर भाजपा की विचारधारा को लोगों तक पहुंचाया। उन्होंने यह सम्मान जमीनी स्तर पर काम करने वाले सभी कार्यकर्ताओं को समर्पित किया और भविष्य में भी इसी ऊर्जा से काम करने का संकल्प लिया।

### *अन्य कार्यकर्ताओं को भी मिला सम्मान*

*इसी समारोह में राजिम के अन्य कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। 'श्री सम्मान' जिला के पूर्व अध्यक्ष, राजेश साहू (3,571 सदस्य) और जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू (3,080 सदस्य)। 'दीप सम्मान' जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंघल, भाजयुमो जिला महामंत्री थानसिंग निषाद, दीपक साहू और पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गफ्फार मेमन (1,000 से अधिक सदस्य)। इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर और अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। यह आयोजन भाजपा के संगठनात्मक विस्तार और कार्यकर्ताओं के समर्पण का एक बड़ा उदाहरण बनकर सामने आया है।*

## पंचायत सोरिद खुर्द में सड़क निर्माण से परेशानी, ढलान पर सीसी रोड की मांग



**मुड़ागांव (कोरासी)।** छुरा-फिंगेश्वर नेशनल हाईवे मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत सोरिद खुर्द के वार्ड क्रमांक 11 में सड़क निर्माण के बाद ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मेन रोड से गांव की गली में जाने वाला रास्ता नीचे हो गया है, जिससे बारिश में यह नाले का रूप ले लेता है।

ग्रामीणों ने बताया कि ढलान वाले इस रास्ते की लंबाई करीब 10-12 फीट है। इसके आगे सीसी रोड बनी हुई है, लेकिन इस छोटे से हिस्से में सीसी रोड न होने के कारण यह समस्या हो रही है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से इस 10-12 फीट के हिस्से पर जल्द से जल्द सीसी रोड बनाने की मांग की है ताकि लोगों को दुर्घटनाओं से बचाया जा सके।




संकलनकर्ता : दीपक पोद्दार, हरिभूमि संवाददाता, फिंगेश्वर, विज्ञापन एवं समाचार के लिये संपर्क करें : मो. 9826377127

## खबर संक्षेप

### मैनपुर में मेगा हेल्थ शिविर आज

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित सामुदायिक भवन में 3 अगस्त दिन रविवार को जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मेगा हेल्थ शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान शिविर मे रायपुर के बाल गोपाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक भट्टर एवं उनकी टीम द्वारा जिले के कुपोषित बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जाएगा। शिविर को लेकर महिला बाल विकास विभाग द्वारा जोरशोर से तैयारी किया जा रहा है। महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार पाण्डेय ने क्षेत्र के सभी लोगो से कार्यक्रम में शामिल होकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील किया है।

### बीएसएनएल ऑफिस के पास मारपीट

**महासमुंद।** बीएसएनएस ऑफिस के पास मारपीट की घटना में सिटी कोतवाली में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को असलम खान निवासी वार्ड नं 22 एफसीआई गोदाम के पीछे सुभाष नगर महासमुंद ने बताया कि 31 जुलाई की रात 9.30 बजे वह अपने दोस्त राजू धोबी के साथ बीएसएनएल कॉलोनी निवासी संतोष कुशवाहा से मिलने गया था, तीन जब कॉलोनी से बाहर गेट पर निकले थे, उसी समय बीएसएनएल ऑफिस के बाजू में दाबेली ठेला लगाने वाले व्यक्ति द्वारा उसे देख कर पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं करछुल से मारपीट किया गया। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महुआ शराब जब्त, आरोपी के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम केंवटापाली से मुनगाडीह मार्ग किनारे बसना पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से 40 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम गंधर्व कुर्रे पिता ज्योधा प्रसाद कुर्रे (32 साल) मुनगाडीह चौकी भंवरपुर थाना बसना बताया। आरोपी के कब्जे से एक नीले रंग के 100 लीटर वाली प्लास्टिक ड्रम से हाथ भट्ठी महुआ शराब कुल 40 लीटर कीमत 8000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

### छेड़खानी, दो लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम पठियापाली की एक महिला के साथ दुकान व घर में घुसकर छेड़खानी करने के मामले में बसना थाने में दो आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। मामला 31 जुलाई का है। पुलिस ने बताया कि ग्राम पठियापाली की एक महिला 31 जुलाई की सुबह लगभग 6 बजे मैं अपने दुकान एवं घर पर थी। उसके पति टहलने के लिए गांव के रोड की ओर गए थे। जब वह दुकान में झाडू लगा रही थी तभी आरोपी प्रफुल्ल नायक पिता मोतीलाल नायक ग्राम पठियापाली एवं निर्मल प्रधान पिता गंगाधर प्रधान ग्राम पठियापाली दुकान के अंदर घुसे और पूछा कि तुम्हारा पति कहां गया है, तब उसने बताया कि उसका पति टहलने के लिए गांव के रोड की ओर गया है। तब प्रफुल्ल नायक और निर्मल प्रधान ने गाली देते हुए कहा कि तेरे पति से कह देना कि वह हमारे विरोधी लोग का साथ दे रहा है। जब गाली देने से मना किया तब प्रफुल्ल नायक महिला के हाथ को पकड़ कर जोर से खींचने लगा, जिस पर वह हाथ छुड़ाकर बगल के कमरे में चली गई।

### कार में मिला 9.20 लाख का गांजा, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने जगदीशपुर रोड खेमड़ा तालाब के पास एक कार से 9.20 लाख का 46 किलो से ज्यादा गांजा बरामद किया है। वहीं कार का ड्राइवर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। मामले में कार चालक के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। बसना थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार 1 अगस्त को ओडिशा पदमपुर की ओर से आ रहे एक कार का चालक पुलिस वाहन को थाना के सामने खड़ा देखकर तेजी से बिलाईगढ़ रोड की ओर भगाने लगा।

विडंबना : भुंजिया जनजाति के लोगों को मूलभूत जरूरतों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा

# विकास से कोसों दूर मलेवा क्षेत्र के गांव, न सड़क, न स्कूल, न बिजली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

छत्तीसगढ़ के सुदूरवर्ती मलेवा क्षेत्र में बसे थुहापानी जैसे कई गांव आज भी विकास की मुख्यधारा से कटे हुए हैं। विशेष पिछड़ी भुंजिया जनजाति के ये गांव बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। यहां न पक्की सड़कें हैं, न बिजली की व्यवस्था और न ही प्राथमिक विद्यालय। सरकार द्वारा किए जाने वाले आदिवासी विकास के बड़े-बड़े दावे इन गांवों की जमीनी हकीकत के सामने खोखले नजर आते हैं।

थुहापानी गांव में लगभग 25-30 परिवार रहते हैं, जिनका मुख्य पेशा कृषि और वनोपज संग्रहण है। ये लोग अपनी संस्कृति और परंपराओं के साथ प्रकृति के बीच शांत जीवन व्यतीत करते हैं, लेकिन उन्हें हर दिन मूलभूत आवश्यकताओं के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

## समस्याओं का अंबार

**सड़क और कनेक्टिविटी:** गांव तक पहुंचने के लिए कच्ची पगडंडियां हैं, जो बरसात में कीचड़ में बदल जाती हैं। नदी-नालों पर पुल न होने के कारण बारिश में आवागमन पूरी तरह ठप हो जाता है।




**शिक्षा और स्वास्थ्य:** गांव में प्राथमिक शाला न होने के कारण बच्चों को 15 किलोमीटर दूर जाकर पढ़ाई करनी पड़ती है। स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भी ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**बिजली का अभाव:** गांव में बिजली के खंभे और तार नदारद हैं। कुछ घरों में सौर ऊर्जा के माध्यम से रात का गुजारा किया जाता है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है।

**राशन की समस्या:** ग्रामीणों को राशन लेने के लिए 15 किलोमीटर दूर उचित मूल्य की दुकान पर जाना पड़ता है, जिसमें नदी-नालों को पार करने की चुनौती भी शामिल है।

**नक्सलवाद का असर:** पूर्व में यह क्षेत्र नक्सल प्रभावित होने के कारण विकास कार्य बाधित रहे। हालांकि, अब नक्सलियों की मौजूदगी कम हुई है और सड़क निर्माण का काम शुरू हुआ है, लेकिन विकास की रफ्तार अभी भी धीमी है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनावों के दौरान नेता वादों की झड़ी लगाते हैं, लेकिन चुनाव के बाद कोई भी गांव की सुध लेने नहीं आता। उन्होंने गांव में बिजली और प्राथमिक शाला की व्यवस्था की मांग की है। यह आवश्यक है कि राज्य सरकार और प्रशासन इन विशेष पिछड़ी जनजातियों की समस्याओं पर ध्यान दें और उन्हें जल्द से जल्द मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं।

# विधायक ने की बीमार श्रमिक परस की मदद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शनिवार को रायपुर प्रवास से लौटते समय राजिम विधायक रोहित साहू ने मानवता की मिसाल पेश की। उनका काफिला जब त्रिवेणी संगम राजिम के महानदी पुल से गुजर रहा था, तब उनकी नजर पुल पर सफाई का काम कर रहे एक श्रमिक पर पड़ी। यह श्रमिक परस साहू श्यामनगर के निवासी थे और वे लकवा (पैरालिसिस) जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। अपनी शारीरिक असमर्थता के बावजूद, वे अपनी नौकरी के अंतिम वर्ष में फावड़ा लेकर काम कर रहे थे। विधायक साहू ने तुरंत अपनी गाड़ी रुकवाई और श्रमिक से बात करने की कोशिश की, लेकिन बीमारी के कारण वह ठीक से बोल भी नहीं पा रहे थे। इस स्थिति को देखकर विधायक भावुक हो गए। उन्होंने तुरंत लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से फोन पर बात की और उन्हें निर्देश दिया कि परस साहू को उनके गांव श्यामनगर के पास ही किसी उपयुक्त जगह पर काम दिया जाए, ताकि उनकी मुश्किलें कम हो सकें और उन्हें सहारा मिल सके। विधायक को अपने लिए इस तरह रुकता देख श्रमिक परस साहू की आँखों से खुशी के आँसू छलक पड़े। विधायक रोहित साहू ने इस अवसर पर कहा कि सेवा ही हमारा संकल्प है और हर जरूरतमंद तक संवेदना और समाधान पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। इस दौरान उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर और अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

# ग्राम शुक्लाभाठा में भोजली का त्योहार मनाकर विसर्जन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल शुक्लाभाठा में बच्चों के द्वारा भोजली का त्यौहार मनाया गया और विधिविधान के साथ विसर्जन किया गया। भोजली तिहार छत्तीसगढ़ में मनाया जाने वाला एक पारंपरिक त्यौहार है, जो मित्रता और भाईचारे का प्रतीक है। यह त्यौहार हरियाली के बाद दसवें दिन मनाया जाता है, और इसमें गेहूं या जौ जैसे अनाज को भिगोकर, टोकरी में मिट्टी डालकर उगाया जाता है, जिसे भोजली कहते हैं। इसे नौ दिन तक पूजा करते हैं और नौवें दिन उपवास रह कर दसवें दिन विसर्जन करते हैं। भोजली तिहार को मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य अच्छी फसल और समृद्धि की कामना करना है, साथ ही यह त्यौहार दोस्ती और आपसी प्रेम का भी प्रतीक है। भोजली तिहार मनाने की प्रक्रिया में, हरियाली के दिन गेहूं या जौ को भिगोया जाता है, और फिर शाम को बांस की टोकरी में मिट्टी और खाद डालकर उसमें ये बीज बोए जाते हैं। 5-7 दिनों में ये बीज अंकुरित होकर भोजली का रूप ले लेते हैं, और फिर दसवें दिन, इन भोजली को नदी या तालाब में विसर्जित किया जाता है। विसर्जन के दौरान, भोजली गीत गाए जाते हैं और एक-दूसरे को भोजली लगाकर मित्रता का बंधन बांधा जाता है, जिसे छत्तीसगढ़ में मितानी कहा जाता है। इस प्रकार, भोजली तिहार न केवल एक धार्मिक और सांस्कृतिक त्यौहार है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ की सामाजिक एकता और भाईचारे को भी मजबूत करता है।

# फिंगेश्वर में पंडित रविशंकर शुक्ल और विद्याचरण शुक्ल की जयंती मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

2 अगस्त को फिंगेश्वर रेस्ट हाउस में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय पंडित रविशंकर शुक्ल और झीरम घाटी हमले में शहीद पंडित स्वर्गीय विद्याचरण शुक्ल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर नगर कांग्रेस, फिंगेश्वर द्वारा उनके छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान दोनों नेताओं के योगदान को याद करते हुए वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सूर्यवंशी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ल ने छत्तीसगढ़ में स्वतंत्रता संग्राम की अलख जगाई और आजादी की लड़ाई में राज्य का प्रतिनिधित्व किया। देश और समाज के प्रति उनका समर्पण हमेशा प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा।

कांग्रेसी नेता ओमप्रकाश बंछोर ने पूर्व केंद्रीय मंत्री पंडित विद्याचरण शुक्ल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कई दीर्घकालिक परियोजनाओं की नींव रखी और छत्तीसगढ़ के विकास में उनका योगदान हमेशा अविस्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोनों दिवंगत नेताओं को विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राजेंद्र सूर्यवंशी, ओमप्रकाश बंछोर, हरिशंकर श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह ठाकुर, डोंगर सिंह मरकाम, कमल यदु, अनिल चंद्राकर सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# निर्मल महिला संगठन ने संकुलस्तरीय आमसभा में आत्मनिर्भरता का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित सामुदायिक भवन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना अंतर्गत निर्मल महिला संकुल संगठन द्वारा संकुल स्तरीय वार्षिक आमसभा एवं एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि जनपद पंचायत मैनपुर की अध्यक्ष श्रीमती मोहना नेताम, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष नंदकुमारी राजपूत, अध्यक्षता जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल, विशेष अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नदनी नेताम, सरपंच मैनपुर हनीता नायक, हरदीभाठा मालती कोर्राम, पुलिस विभाग से गंगवार, बीओबी मैनपुर विजय सिंह, बीपीएम हेमंत तिर्की, एसी विजय रात्रे प्रमुख रूप से उपस्थिति थे। कार्यक्रम के शुभारंभ में बिहान की बहनों द्वारा संस्कृति कार्यक्रम के साथ-साथ बिहान मे जुड़े महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया गया तथा इसी आधार पर पूर्व में जो कार्य किए गए थे उसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाली बिहान की दीदीयों का सम्मान और प्रोत्साहन मेडल शील्ड के साथ सम्मानित किया गया और आगामी वर्ष के लिए उन्हे प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत मैनपुर की अध्यक्ष मोहना नेताम ने कहा की बिहान योजना महिलाओं को आर्थिक तौर पर सशक्त बनाने की एक अनूठी योजना है इस योजना से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है स्वरोजगार प्राप्त कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है। आज महिलाएं कदम से कदम मिलाकर चल रही है। अतिथियों द्वारा निर्मल महिला ग्राम संगठन के कार्यों की सराहना किया गया पश्चात बिहान के दीदीयों ने अपनी अपनी सफलता की कहानी भी बताया। यह आयोजन 13 ग्राम पंचायत संगठन की बिहान समूह पदाधिकारी और कैडर दीदीओं द्वारा किया गया था जिसमें कार्यक्रम का संचालन पीआरपी रेवती मनहरे, क्लस्टर पदाधिकारी अध्यक्ष कुमारी बाई पटेल, सचिव रुक्मणी यादव, कोषाध्यक्ष लता ध्रुव, भगवती साहू, सोनिका सोनवानी, मोहनी साहू, डुमेश्वरी पटेल, ओमबाई सहित क्लस्टर के पदाधिकारी और अध्यक्ष सचिव पीआरपी सक्रिय महिला पशु सखी कृषि सखी एफ एल सीआर पी बैंक मित्र जीएमटी बीआर पी बड़ी संख्या में समूह की दीदीयां उपस्थित थी।

# युवा मोर्चा जिला महामंत्री दीपक साहू दीप सम्मान से सम्मानित

**कोपरा।** भाजपा के सदस्यता अभियान 2024-25 के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री दीपक साहू को 'दीप सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण देव जी के करकमलों से प्राप्त हुआ। दीपक साहू ने सदस्यता अभियान के दौरान उल्लेखनीय कार्य कर संगठन को मजबूत किया और युवाओं को भाजपा से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। उनके योगदान को देखते हुए पार्टी ने यह सम्मान प्रदान कर उनकी सराहना की। इस अवसर पर कई वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं भाजपा समर्थक उपस्थित थे। कार्यक्रम में दीपक साहू ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि वे पार्टी की सेवा में हमेशा तत्पर रहेंगे।



# उत्कृष्ट कार्य के लिए अब्दुल गफ्फार को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

शनिवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित विशेष सम्मान समारोह में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सक्रिय कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गरियाबंद के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन को एक हजार से अधिक नए सदस्य जोड़ने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विशेष रूप से सम्मानित किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोषण साहू, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव सहित भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने मेमन सहित सभी जमीनी कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा, आप सभी के कठिन परिश्रम, लगन और प्रतिबद्धता के कारण भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी हुई है। छत्तीसगढ़ में भी रिकॉर्ड सदस्यता से यह स्पष्ट है कि




जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीढ़ बताते हुए पार्टी के लक्ष्यों और कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता पार्टी की मजबूती का आधार है, और यह सदस्यता अभियान उसी का प्रमाण है। इस अवसर पर सम्मान प्राप्त करने के बाद अब्दुल गफ्फार (गफ्फू) मेमन ने कहा कि यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं बल्कि पूरे गरियाबंद जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान है। मैं मुख्यमंत्री और प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने हमारे कार्य को पहचाना। मेरा संकल्प है कि मैं आगे भी पार्टी के संगठनात्मक कार्यों में इसी उत्साह के साथ सक्रिय रहूंगा और हर घर तक भाजपा की विचारधारा पहुंचाऊंगा। इस दौरान प्रदेश महामंत्री पवन साय ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इसी ऊर्जा और समर्पण के साथ संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और पार्टी की विचारधारा को और अधिक मजबूत करें। कार्यक्रम में प्रदेश के करीब 200 से ज्यादा सक्रिय कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी सांसद, विधायक एवं अलग-अलग जिलों से आए चयनित पदाधिकारी मौजूद रहे।

सावन के अंतिम सोमवार पर शिवभक्तों का उत्साह

# भुतेश्वरनाथ के जालाभिषेक के लिए 45 किमी पद यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

सावन के अंतिम सोमवार को लेकर शिवभक्तों और कांवड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। दो दिन पहले से ही राजिम और गरियाबंद मार्ग पर कांवड़ियों का काफिला निकल पड़ा है। इनमें महिलाएं भी शामिल हैं, जो राजिम की महानदी से जल लेकर गरियाबंद के प्रसिद्ध भुतेश्वरनाथ मंदिर तक 45 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर रही हैं। शिवभक्तों की इस कठिन यात्रा में ग्रामीण उनकी पूरी मदद कर रहे हैं। पूरे रास्ते में जगह-जगह उनके लिए भोजन, नाश्ते, पानी और चाय का इंतजाम किया गया है। शनिवार को तेज धूप और उमस के बावजूद, शिवभक्त अपनी आस्था और संकल्प के साथ आगे बढ़ते रहे। भले ही उनके पैरों में छाले पड़ गए हों या थकान से वे बीच-बीच में आराम कर रहे हों, लेकिन बोल बम के जयकारे के साथ उनका जोश बरकरार है।



### जगह-जगह बनाया गया विश्राम स्थल

*यात्रा के दौरान कांवड़ियों के आराम के लिए जगह-जगह बांस के मचान (विश्राम स्थल) बनाए गए हैं। यहां कांवड़ को रखकर भक्त कुछ देर विश्राम करते हैं और फिर अपनी यात्रा पर निकल पड़ते हैं। उम्मीद है कि ये भक्त 45 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर सोमवार की सुबह भुतेश्वरनाथ मंदिर पहुंच जाएंगे। इसी तरह, कुरूद, अभनपुर, आरंग, महासमुंद, हथखोज, मगरलोड और छुरा जैसे अन्य मार्गों से भी शिवभक्त राजिम के कुलेश्वर महादेव मंदिर में जल चढ़ाने के लिए निकल पड़े हैं। राजिम में भी इन सभी शिवभक्तों के लिए ठहरने और भोजन-प्रसादी की व्यापक व्यवस्था की गई है।*

